प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में भोजपुर (आरा) एवं बक्सर जिला के नगर निकायों में संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन निम्नवत् है:–

## (A) जिला– भोजपुर (आरा)

भोजपुर जिला में छः नगर निकाय है।

(1) नगर निगम आरा

(2) नगर पंचायत पीरो।

(3) नगर पंचायत विहियाँ।

(4) नगर पंचायत शाहपुर।

(5) नगर पंचायत कोईलवर।

(6) नगर पंचायत जगदीशपुर।

(1) **भोजपुर (आरा):–** भोजपुर (आरा) में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी जो निम्नवत् है:–

### हर–घर–नल का जल

**नगर पंचायत कोइलवर:–**

वार्ड नं0–1, 10 एवं 13 के नल जल निश्चय योजना अंतर्गत N.I.T No. – 06/2016-17 द्वारा निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। तीनों वार्ड के लिए 250 लाभुक के मॉडल के आधार पर निविदा की गई है जिसे निष्पादित कर एकरारनामा किया जाना है:–

**नगर पंचायत पीरो:–**

नगर पंचायत पीरो के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वार्ड नं0–1, 2, 3 में 250 HIH कनेक्सन के दो–दो ग्रुप तथा वार्ड नं0–4 एवं 5 में एक–एक ग्रुप की निविदा प्राप्त की गई थी जिसे अद्यतन नही खोला गया है। निर्देश दिया गया कि आमंत्रित निविदा की जाँच कर ली जाय कि यह नए स्वीकृत मॉडल पर आधारित है। नए स्वीकृत मॉडल के अनुरूप होने के स्थिति में निविदा निष्पादन की कार्रवाई शीघ्र की जाय। उनके द्वारा बताया गया कि कर्मचारी/पदाधिकारी की काफी कमी होने के कारण कार्यों के निष्पादन में कठिनाई हो रही है।

**नगर पंचायत जगदीशपुर:–**

नगर पंचायत जगदीशपुर के कुल–18 वार्डों में बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा राज्य योजना अंतर्गत जलापूर्ति की योजना की जा रही है। किस वार्ड का कितना भाग स्वीकृत प्राक्कलन में शामिल नही है इसकी सही–सही जानकारी नगर निकाय को नही है। अतः नगर पंचायत जगदीशपुर के कुल 18 वार्डों के अनाच्छादित अंश का D.P.R बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर निविदा एवं क्रियान्वयन हेतु नगर निकाय को उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में बिहार राज्य जल पर्षद को पत्र दिया जा सकता है।

**नगर पंचायत शाहपुर:–**

नगर पंचायत शाहपुर के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वार्ड नं0– 01, 02, 07 एवं 10 के नल जल हेतु नये स्वीकृत मॉडल के आधार पर दिनांक–24.01.2016 को निविदा प्रकाशन हेतु प्रेषित की जा चुकी है। यह निविदा 12.02.2016 को प्राप्त की जायेगी।

28.3.17

**नगर पंचायत विहियाः–**

नगर पंचायत विहिया के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वार्ड नं0–01, 03 एवं 08 की निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है।

**नगर निगम आराः–**

नगर निगम आरा में जलापूर्ति हेतु अमृत योजना अंतर्गत स्वीकृत है। इसका क्रियान्वयन बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा किया जाना है। निविदा प्राप्त हो चुकी है जो निष्पादन की प्रक्रिया में है।

## पक्की नाली–गली निश्चय योजना

1. **आरा नगर निगमः–**

सभी 45 वार्डों में घर तक पक्की गली नाली की 45 योजना का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। 13 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

**पीरो नगर पंचायतः–**

सभी 17 वार्डों में योजना स्वीकृत कर निविदा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है।

**विहिया नगर पंचायतः–**

सभी 14 वार्डों में योजना स्वीकृत कर निविदा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है।

**शाहपुर नगर पंचायतः–**

शाहपुर नगर पंचायत में कुल 11 वार्डों में योजना तैयार की गई है। 10 योजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसमें 5 योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**कोइलवर नगर पंचायतः–**

कोइलवर नगर पंचायत में कुल 14 वार्डों के लिए प्राक्कलन तैयार की गई है। 8 योजना का कार्य प्रारम्भ किया है जिसमें 1 योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**जगदीशपुर नगर पंचायतः–**

नगर पंचायत के कुल 18 वार्डों में 18 योजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसमें 5 योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

## 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान'

**नगर आयुक्त, नगर निगम आरा** द्वारा बताया गया कि शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 8378 है। व्यक्तिगत शौचालय में 1105 पूर्ण है तथा 3454 प्रगति में है। सामुदायिक शौचालय हेतु 4 स्थान चिन्हित किया गया है। बताया गया कि उपलब्ध आवंटन 180.00 लाख के विरूद्ध लक्ष्य प्राप्ति हेतु उपलब्ध आवंटन से 391.55 लाख व्यय किया गया है। **10 वार्ड O.D.F हो चुका है।**

**कार्यपालक पदाधिकारी, पीरो** द्वारा बताया गया कि शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 2554 के विरूद्ध 356 व्यक्तिगत शौचालय पूर्ण तथा 370 शौचालय प्रगति में बताया गया। अद्यतन **3 वार्ड O.D.F हो चुका है।** सामुदायिक शौचालय हेतु मात्र 01 स्थल चिन्हित किया गया है। निर्देश दिया गया कि और नई स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र क्रियान्वयन कराया जाय।

**विहिया नगर पंचायत** में शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 2288 है। अद्यतन स्वीकृत आवेदन की संख्या 510, पूर्ण व्यक्तिगत शौचालय की संख्या 117 तथा प्रगतिशील व्यक्तिगत शौचालय की संख्या 362 है। अद्यतन मात्र **03 वार्ड O.D.F किया गया है**; निर्देश दिया गया कि व्यक्तिगत शौचालय की स्वीकृति प्रदान कर शत–प्रतिशत O.D.F हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

**शाहपुर नगर पंचायत** में शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 2218 है जिसमें 168 पूर्ण हो चुका है तथा 194 प्रगति में है। **03 वार्ड O.D.F किया गया है।**

**कोईलवर नगर पंचायत** में शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 1863 है जिसमें 344 पूर्ण हो चुका है तथा 361 प्रगति में है। **05 वार्ड O.D.F किया गया है।**

**जगदीशपुर नगर पंचायत** में शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 3386 है जिसमें 532 पूर्ण हो चुका है तथा 379 प्रगति में है। **05 वार्ड O.D.F किया गया है।**

## (B) जिला– बक्सर

बक्सर जिला में दो नगर निकाय है।

(1) बक्सर नगर परिषद्
(2) डुमराँव नगर परिषद्

### हर–घर–नल का जल

**डुमरॉव नगर परिषद्:–**

इस नगर निकाय में कुल 26 वार्ड है। 18 वार्डो में बिहार राजय जल पर्षद द्वारा योजना मद अंतर्गत कार्य प्रगति में है। 8 वार्डो में नल जल योजना अंतर्गत निविदा आमंत्रित किया जाना है। उपस्थित City Manager एवं J.E. को नल जल के निविदा आमंत्रण प्राक्कलन की स्वीकृति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं शीघ्र निविदा आमंत्रण किए जाने का निर्देश दिया गया।

**बक्सर नगर परिषद्:–**

बक्सर में जलापूर्ति हेतु अमुत योजना अंतर्गत स्वीकृत है। बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा निविदा कार्य पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### पक्की नाली–गली निश्चय योजना

**बक्सर नगर परिषद्:–**

बक्सर नगर परिषद् के कुल 34 वार्डो के विरूद्ध 21 वार्डो के लिए D.P.R तैयार किया गया है। सभी 21 कार्यों का निविदा की जा चुकी है।

**डुमराँव नगर परिषद्:–**

डुमराँव नगर परिषद् के कुल 26 वार्डो के लिए D.P.R तैयार किया गया है। 9 कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 3 योजनाओं की निविदा की गई है। शेष सभी योजनाओं का निविदा आमंत्रित शीघ्र करने का निर्देश दिया गया है।

### 'शौचालय निर्माण घर का सम्मान'

**बक्सर नगर परिषद्** में शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 4352 है जिसमें 261 पूर्ण हो चुका है तथा 1023 प्रगति में है। सामुदायिक शौचालय 1 पूर्ण और 1 प्रगति में है। **11 वार्ड O.D.F किया गया है।**

**डुमराँव नगर परिषद्** में शौचालय रहित कुल घरों की संख्या 2553 है जिसमें 1265 पूर्ण हो चुका है तथा 40 प्रगति में है। **10 वार्ड O.D.F किया गया है।**

28.3.17

(अरविन्द कुमार)
कार्यपालक अभियंता
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।